# प्रेस विज्ञप्ति

***राजा भोज नेशनल सेलिंग चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश का शानदार प्रदर्शन***

***ILCA-4 में वासु चंद्रवंशी और माही वर्मा अव्वल; IQ FOIL, 29ER और TECHNO में भी MP के सेलर्स ने दिखाया दम***

**भोपाल। 13 अगस्त 2026**

भोपाल के अपर लेक स्थित बोट क्लब पर चल रही तृतीय राजा भोज मल्टीक्लास नेशनल सेलिंग चैम्पियनशिप-2026 में मध्यप्रदेश के सेलर्स लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। 13 अगस्त को जारी परिणामों में ILCA-4, IQ FOIL, 29ER, TECHNO और Optimist सहित कई वर्गों में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने शीर्ष स्थान हासिल किए। प्रतियोगिता में देशभर के सेलर्स अपनी तकनीक, संतुलन, गति और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं।

***ILCA-4 में वासु-माही ने लहरों पर जमाया कब्जा***

ILCA-4 वर्ग प्रतियोगिता के प्रमुख आकर्षणों में रहा। ILCA-4 BOYS में NSS भोपाल के वासु चंद्रवंशी ने पहला स्थान हासिल किया। उनके साथ NSS भोपाल के शुभम यादव दूसरे, अंकित सिंह सिसोदिया तीसरे और घनश्याम यादव चौथे स्थान पर रहे। इस वर्ग के शीर्ष चार में मध्यप्रदेश के तीन सेलर्स ने जगह बनाई।

वहीं ILCA-4 GIRLS में NSS भोपाल की माही वर्मा ने शीर्ष स्थान हासिल किया। तुलशी पटले तीसरे, आस्था पांडे चौथे और मंका शर्मा पांचवें स्थान पर रहीं। इस वर्ग के शीर्ष पांच में मध्यप्रदेश की चार खिलाड़ियों ने जगह बनाकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

***IQ FOIL में आर्यन और प्रार्थना की बादशाहत***

IQ FOIL BOYS वर्ग में NSS भोपाल के आर्यन पाटीदार ने सभी चार रेस में पहला स्थान हासिल करते हुए 4 नेट अंकों के साथ बाजी मारी।

IQ FOIL GIRLS में NSS भोपाल की प्रार्थना भोई ने भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने चारों रेस में पहला स्थान हासिल कर 4 नेट अंकों के साथ वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

***29ER में शोवण्य-हृदय की जोड़ी पहले नंबर पर***

29ER वर्ग में NYSC की शोवण्य जोधा और हृदय जोशी की जोड़ी ने चारों रेस में पहला स्थान हासिल किया। NSS के रुद्रेश सिंह पटेल और मयंक राजपूत ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

29ER GIRLS वर्ग में NSS भोपाल की शगुन झा और अपर्णा चौधरी की जोड़ी ने भी चारों रेस में पहला स्थान हासिल कर शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाया।

***TECHNO में भी मध्यप्रदेश के सेलर्स का दबदबा***

TECHNO BOYS U-15 में NSS भोपाल के अंकित विश्वकर्मा पहले और MPYA के अयान खान दूसरे स्थान पर रहे। BOYS U-17 में NSS भोपाल के सोहम योगेश राजपूत ने पहला, EMESC भोपाल के आरान मलिक ने दूसरा और NSS भोपाल के स्वस्तिक गौतम ने तीसरा स्थान हासिल किया।

GIRLS U-15 में NSS भोपाल की अनन्या अवधिया पहले और विपासा सिंह दूसरे स्थान पर रहीं। GIRLS U-17 में YAM की प्रियंशी एम. पाटिल ने पहला और NSS भोपाल की तेजस्वी प्रजापति ने दूसरा स्थान हासिल किया।

***Optimist में भी खिलाड़ियों ने दिखाया दम***

Optimist Main वर्ग में SSC की श्रृंगारी रॉय ने पहला स्थान हासिल किया। BOYS वर्ग में TSA के कोंडा सामन्यु दूसरे, NSS भोपाल के जाग्रव कुमार तीसरे और लिखित अहिरवार चौथे स्थान पर रहे। NSS भोपाल की ध्रुवी टोंडन GIRLS वर्ग में सातवें स्थान पर रहीं।

***मंत्री श्री सारंग ने खिलाड़ियों को दी बधाई***

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने वासु चंद्रवंशी, माही वर्मा सहित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मध्यप्रदेश के सभी सेलर्स को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं।

***16 अगस्त को मुख्यमंत्री करेंगे समापन***

10 से 16 अगस्त तक अपर लेक स्थित बोट क्लब के वाटर स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित हो रही इस राष्ट्रीय रैंकिंग प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 16 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए जाएंगे।

भोपाल में लगातार राष्ट्रीय स्तर की वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं के आयोजन से शहर की पहचान देश के प्रमुख वाटर स्पोर्ट्स केंद्र के रूप में मजबूत हो रही है। मध्यप्रदेश में सेलिंग सहित विभिन्न वाटर स्पोर्ट्स को आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर अधोसंरचना और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के मंच उपलब्ध कराने पर लगातार काम किया जा रहा है।


IND 55


IND 11
LOURENCOMARINE


IND 1
5.8 ONE DESIGN